हिन्दी सान्ध्य दैनिक जौनपुर,लखनऊ व भदोही से प्रकाशित

# देश की उपासना

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

देश के विकास में समर्पित समाज के सभी वर्गों के लिए

dku live & dkunews24

वर्ष : 01 अंक–86 : जौनपुर, सोमवार 28 नवम्बर 2022 सान्ध्य दैनिक ( संस्करण ) पेज –4 मूल्य : 2 रूपया

## मुलायम सिंह के आशीर्वाद से जीते सपा के दुर्ग : मैनपुरी में सपना होगा साकार –सीएम योगी

मैनपुरी ब्यूरो : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को मैनपुरी के करहल स्थित नरसिंह इंटर कॉलेज के मैदान में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मैनपुरी की पावन धारा को नमन करते हुए अपने भाषण की शुरुआत की। मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद समाजवादी पार्टी (सपा) और सैफई परिवार पर जमकर निशाना साधा। 'नेताजी के आशीर्वाद से जीते सपाई दुर्ग' मुख्यमंत्री ने कहा कि मुलायम सिंह यादव ने वर्ष 2019 में ही भाजपा को जीत का आशीर्वाद दे दिया था। नेताजी ने कहा था कि जीतेगी तो भाजपा ही। उनके आशीर्वाद से भाजपा ने आजमगढ़ और रामपुर का उपचुनाव जीता। भाजपा ने समाजवादी पार्टी के दुर्ग कहे जाने वाले आजमगढ़ और रामगढ़ को ध्वस्त कर दिया। उन्होंने कहा कि यहां के लोगों को नया इतिहास बनाने का मौका मिल रहा है। मैनपुरी लोकसभा को भाजपा की झोली में डालिए। विकास के मामले में कोई भेदभाव नहीं होगा। सीएम योगी ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर का निर्माण हो रहा है। इसके साथ ही अयोध्या के विकास के लिए 30 हजार करोड़ की परियोजनाएं चल रही हैं। आपके क्षेत्र में विकास की प्रकिया आगे बढ़ेगी। इसके लिए अच्छे जनप्रतिनिधि को चुने की आवश्यकता है। ऐसे नहीं है जो चुनाव में नाते–रिश्तेदारी निकालते हों। शिवपाल यादव पर साधा निशाना योगी आदित्यनाथ ने कहा कि चाचा शिवपाल यादव की हालत पेंडुलम जैसी हो गई है। पहले बैठने के लिए



हत्था मिला था। समाजवादियों का चरित्र परिवारवादी है। मैनपुरी किसी परिवार की विरासत नहीं बन सकती है। भाजपा के नेतृत्व में बहुत ही सूझबूथ से रघुराज सिंह शाक्य को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने जनता से भाजपा प्रत्याशी को जिताने की अपील की। करहल से अखिलेश यादव हैं विधायक करहल विधानसभा क्षेत्र मैनपुरी लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव फिलहाल इसी विधानसभा सीट से विधायक हैं। करहल में सीएम योगी की जनसभा बेहद महत्वपूर्ण माना जा रही है। भाजपा ने भी सीएम की सभा में भीड़ जुटाने के लिए पूरी ताकत झोंक दी। भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप चौहान का कहना है कि करहल से ही इस बार सपा को ऐतिहासिक हार का सामना करना पड़ेगा। लोकसभा उपचुनाव में एक–एक कार्यकर्ता कमल खिलाने को तैयार है।

## सब जूनियर प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में वाराणसी मण्डल की टीम बनी विजेता

शाहगंज/जौनपुर। पत्रकार– धनन्जय विश्वकर्मा : सिद्धीकपुर स्थित इंदिरा गांधी स्टेडियम में चल रहे प्रदेश स्तरीय सब जूनियर कबड्डी प्रतियोगिता का सोमवार फाइनल मुकाबला हुआ जिसमें वाराणसी की टीम ने मिर्जापुर को हराकर विजेता बनी। खिलाड़ियों को मुख्य विकास अधिकारी ने पुरस्कार देकर सम्मानित किया। खेल निदेशालय उ0प्र0 एवं उ0प्र0 कबड्डी संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय, जौनपुर द्वारा इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर में प्रदेशीय समन्वय सब–जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता का पहला सेमीफाइनल अमेठी हॉस्टल व आगरा के मध्य हुआ जिसमें अमेठी हॉस्टल विजेता हुई तथा फाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। दूसरा सेमीफाइनल मैच वाराणसी व मिर्जापुर के मध्य हुआ जिसमें वाराणसी मण्डल की टीम विजता होकर फाइनल में स्थान बनाया। दोपहर दो बजे से फाइनल मैच वाराणसी मण्डल एवं अमेटी हॉस्टल के मध्य खेला गया जिसमें वाराणसी की टीम एकतरफा मुकाबले में 50–34 से विजेता घोषित हुई। प्रथम पाली तक बहुत संघर्षपूर्ण मुकाबला था जिसमें कभी वाराणसी की टीम आगे तो कभी अमेठी हॉस्टल की टीम थी। प्रारम्भ में अमेठी के खिलाड़ियों ने बनारस की टीम पर तगड़ा आक्रमण करते हुए लोना लिया परन्तु दूसरे पाली में वाराणसी की टीम अच्छी रणनीति बनाते हुए अमेठी को धराशायी कर दिया। फाइनल मुकाबले से पूर्व जी.एस. कुरैशी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच प्रारम्भ कराया। मैच समाप्ति के बाद पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में साईं तेजा सीलम, मुख्य विकास अधिकारी जौनपुर उपस्थित हुए। क्रीड़ा अधिकारी डॉ0 अतुल सिन्हा ने मार्ल्यापण कर स्वागत किया, तदोपरान्त सहाना इण्टरनेशनल स्कूल की बालिकाओं ने सामूहिक स्वागत गान व खेल एवं राष्ट्रभक्ति से ओत–प्रोत नृत्य प्रस्तुत किया। तदोपरान्त निर्णायकगण को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया उसके बाद भारतीय खेल प्राधिकरण एवं उ0प्र0 सरकार के संयुक्त समन्वय से संचालित एक जनपद एक खेल योजना के अन्तर्गत खेलो इण्डिया के प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों को किट





प्रदान किया गया। उ0प्र0 खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति जौनपुर की ओर से निर्धारित मानदण्ड के अनुसार सब–जूनियर स्टेट प्रतियोगिता में कीड्स जैवलिन व शाटपुट में स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी क्रमशः अर्पित यादव व कु0 अर्पिता यादव को प्रोत्साहन राशि के रूप में रू0 5000–, रू0 5000– का चेक प्रदान किया गया। इसी कड़ी में जिलाधिकारी से प्राप्त अनुमति के क्रम में जनपद के 03 होनहार बालिका खिलाड़ियों को बैडमिण्टन किट प्रदान किया गया। आवासीय व्यवस्था में सहयोग के लिए सहाना विद्यालय की सभी ने सराहना किया। मुख्य विकास अधिकारी महोदय ने जी0एस0 कुरैशी को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। सम्मान की कड़ी में उ0प्र0 कबड्डी संघ के सचिव राजेश कुमार सिंह को भी अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह पदान किया गया। प्रतियोगिता के चयनकर्ता के रूप में खेल विभाग से पधारे उप क्रीड़ा अधिकारी मो0 शमीम को अंगवस्त्र प्रदान किया गया। साई तेजा सीलम ने कहा कि यदि जरूरत पड़ेगी तो अन्य मद से भी खिलाड़ियों को अच्छे उपकरण की व्यवस्था करायी जायेगी।इस अवसर पर सुनीता सिंह, शम्स आलम, तापसी बोस, चन्दन सिंह, राकेश कुमार यादव, राजकुमार यादव, कृष्णा यादव एवं कु0 पूजा यादव उपस्थित थे। समारोह के अन्त में जिला कबड्डी संघ के सचिव रवि चन्द्र यादव ने उपस्थित सभी अतिथियों एवं खिलाड़ियों का आभार व्यक्त किया।

## श्री गुरू तेग बहादुर जी महाराज का मनाया गया शहीदी दिवस

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। धर्म रक्षक, महान तपस्वी, हिन्द की चादर सिखों के नौवें गुरू श्री गुरू तेग बहादुर जी महाराज का पावन शहीदी दिवस ऐतिहासिक गुरूद्वारा श्री गुरू नानक देव जी नाका हिण्डोला लखनऊ में बड़ी श्रद्धा एवं सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शाम का विशेष दीवान 6.00 बजे रहिरास साहिब के पाठ से आरम्भ हुआ जो रात्रि 9.30 बजे तक चला जिसमें रागी जत्था भाई राजिन्दर सिंह जी ने अपनी मधुर बाणी में –साधन हेति इती तिनि करी।। सीसु दीआ पर सी न उचरी।।शबद कीर्तन गायन एवं समूह संगत को नाम सिमरन करवाया। मुख्य ग्रंथी ज्ञानी सुखदेव सिंह जी ने साहिब श्री गुरू तेग बहादुर जी महाराज के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्री गुरू तेग बहादुर जी का बाल्यावस्था का नाम त्यागमल था जो उनके विरक्त स्वभाव के अनुरूप था पैंदे खाँ नाम के एक कृतघ्न एवं विश्वासघाती पठान ने जब अपनी सेना के साथ श्री गुरू हरिगोबिन्द साहिब पर अकारण आक्रमण किया तो त्यागमल जी ने अपनी तेग (तलवार) से ऐसे जौहर दिखाए कि तभी से उनका नाम ''तेग बहादर'' पड़ गया। श्री गुरू तेग बहादर जी ने पुनः मानवीय स्वतंत्रता के महान आदर्श के लिये आत्म बलिदान देकर ''त्यागमल'' नाम को भी सार्थक कर दिखाया। जितना श्री गुरू तेग बहादुर जी तपस्वी, त्यागी, निरभयता, निरवैरता, कर्मनिष्ठा और कुर्बानी की दिव्य मूर्ति थे, उतना ही औरंगजेब अधर्मी, अभिमानी और अत्याचारी था औरंगजेब के आदेश पर जब भारत में जबरन धर्म परिवर्तन कराया जा रहा था तो कश्मीर के ब्राह्मण पंडित कृपाराम जी की अगुवाई में गुरु तेग बहादुर जी से मिले और उनसे अपने धर्म की रक्षा के लिए फरियाद की तब गुरु तेग बहादुर जी महाराज ने कहा कि औरंगजेब से कह दो कि हमारे गुरु गुरु तेग बहादुर हैं यदि वह धर्म परिवर्तन कर लेंगे तो हम सब भी धर्म परिवर्तन कर लेंगे तब औरंगजेब



के आदेश पर दिल्ली की शाही फौज ने गुरु तेग बहादुर जी महाराज को आगरा में गिरफ्तार किया और दिल्ली में लाएं।उसने श्री गुरू तेग बहादुर जी के सामने तीन शर्ते रखीं–इस्लाम कबूल करो, कोई करामात करके दिखाओं या फिर मरने के लिये तैयार रहो। उन्होंने अत्याचारी चुनौतियों का दृढ़तापूर्वक सामना किया और हिंदू धर्म, राष्ट्र की रक्षा और मनुष्य मात्र की स्वतंत्रता की रक्षा के लिये उन्होंने दिल्ली के चांदनी चौक में सन् 1675 में विशाल जन समूह के सामने अपना शीश देकर बलिदान दे दिया। श्री गुरु तेग बहादुर जी का आत्म बलिदान केवल इस प्रण को निभाने मात्र के लिये ही नहीं था वे आस्था, सिद्धान्त एवं भारत वर्ष की संस्कृति और हिन्दू धर्म की रक्षा के लिये शहीद हुए। तभी से गुरू तेग बहादुर जी को ''तेग बहादुर हिन्द की चादर'' भी कहा गया है। भाई दयाला जी, भाई सती दास जी, भाई मती दास जी ने भी शहादत दी। सिमरन साधना परिवार के बच्चों ने तेग बहादुर सिमरिऐ घर नउ निधि आवै धाइ।। शबद गायन कर समूह संगत को निहाल किया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। दीवान की समाप्ति के उपरान्त लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष स0 राजेन्द्र सिंह बग्गा जी ने गुरु तेग बहादुर जी के शहीदी दिवस पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए एवं समूह संगत को गुरू जी द्वारा बताये मार्गो पर चलने का आग्रह किया। उसके उपरान्त हरमिन्दर सिंह टीटू एवं कुलदीप सिंह सलूजा की देखरेख में दशमेश सेवा सोसाइटी के सदस्यों द्वारा गुरू का लंगर समूह संगत में वितरित किया गया।

## भाजपा सांसद की गाड़ी से हुए हादसे में युवक की हुई मौत : चालक पर मुकदमा दर्ज

बस्ती ब्यूरो : बस्ती कोतवाली थाना क्षेत्र के हर्दिया चौराहे के पास शनिवार की शाम स्कूली छात्र को ठोकर मारने के मामले में पुलिस ने सांसद हरीश द्विवेदी के कार चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। शनिवार को हुए हादसे में घायल छात्र की मौत के बाद परिवार के लोग शव लेकर जिला अस्पताल पहुंचे थे। घटना की गंभीरता को भांपते हुए सीओ सिटी आलोक प्रसाद व कोतवाल शशांक शेखर राय मौके पर पहुंच गए और परिजनों से बातचीत कर घटनाक्रम की जानकारी ली। रविवार को मृतक छात्र के पिता शत्रुघ्न राजभर की तहरीर पर सांसद की गाड़ी के चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। वहीं, सांसद हरीश द्विवेदी का कहना है कि उनकी कार से हादसा नहीं हुआ है। हो सकता है कि काफिले में किसी अन्य गाड़ी से दुर्घटना हुई हो, इसकी उन्हें जानकारी नहीं है। बावजूद इसके परिवार के प्रति उनकी पूरी संवेदना है। उनकी हर संभव मदद की जाएगी। गौरतलब है कि कोतवाली थाना क्षेत्र के बसिया गांव निवासी अभिषेक कुमार राजभर (9) पुत्र शत्रुघ्न राजभर प्राथमिक विद्यालय हर्दिया बुजुर्ग में कक्षा दो का छात्र था। तहरीर में उसके पिता शत्रुघ्न ने बताया है कि शनिवार को स्कूल से छुट्टी के बाद दोपहर करीब तीन बजे वह पैदल घर जा रहा था। हर्दिया पेट्रोल पंप से सौ मीटर पहले बड़ेवन की तरफ पहुंचा था कि तभी मनौरी की तरफ से दो सफेद रंग की फारच्यूनर गाड़ी गुजर रही थी, जो सांसद हरीश द्विवेदी की थी। इसी गाड़ी से उनके बेटे के साथ दुर्घटना हुई। यह गाड़ी काफी तेज गति में थी। उसे आनन–फानन इलाज के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया था। यहां से देर शाम चिकित्सक ने हालत बिगड़ती देख मेडिकल कॉलेज लखनऊ के लिए रेफर कर दिया था। एंबुलेंस के कप्तानगंज के करीब पहुंचते–पहुंचते बालक अभिषेक ने दम तोड़ दिया था। इसके बाद शव का लेकर परिजन जिला अस्पताल पहुंच गए थे। रविवार को पुलिस की मौजूदगी में सियरापार घाट पर अंतिम संस्कार किया गया।

## आर्यावर्त बैंक में कैश न होने से मायूस होकर लौट रहे ग्राहक

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : इन दिनों आर्यावर्त बैंक शाखा अनंगपुर की स्थिति अपनी बदहाली पर आंसू बहा रही है।उपभोक्ता रुपयों की जरूरत के लिए चक्कर काट रहे हैं।लेकिन बैंक में रुपये न होने के कारण उनको मायूसी का शिकार होना पड़ रहा है।अनंगपुर बैंक में पिछले शुक्रवार से रूपया नही है।जिसकी वजह से कई ग्राहक रुपये निकालने के लिए पहुंचे लेकिन वहां पर कैश न होने की बात कहकर विड्राल तक देने से मना कर दिया।इस बात को लेकर ग्राहकों में नाराजगी है। खिरिया निवासी रामकरन ने बताया कि खाद के लिए रुपये निकालने आये थे लेकिन बैंक में कैश न होने की जानकारी दी गयी। मुर्तजानगर निवासी शिवकुमार ने बताया कि शुक्रवार को भी बैंक में रुपये निकालने के लिए आये थे बैंक




में न होने की बात कहकर विड्राल तक नहीं दिया गया। वहीं शाखा के मैनेजर गिरीश के अनुसार मंगलवार को गाडी आने की सूचना मिली है।पेमेंट न होने से समस्या तो है।इस विषय में उच्चाधिकारियों को जानकारी दे दी गयी है।

## आवश्यक सूचना

आप सभी पाठक बन्धुओं से अनुरोध है कि आनलाइन समाचार पत्र पढ़नें और ई–पेपर का लाभ लेने हेतु हमारे निम्नांकित वेबसाइट एवं न्यूज पोर्टल - **dku live** चैनल पर सम्पर्क कर लाभ उठायें– उ0प्र0 के सभी जनपदों एवं तहसीलों से पत्रकार बननें के लिए सम्पर्क करें–

www.Deshkiupasana.com
www.Deshkiupasana.in
www.Deshkiupasana.org

–संपादक

## चोक नालियों को देखकर भड़के नोडल अधिकारी : ईओ को दी चेतावनी

ब्यूरो चीफ आर एल पाण्डेय लखनऊ। सुलतानपुर की दोस्तपुर नगर पंचायत में विभिन्न योजनाओं का स्थलीय निरीक्षण करने जब नोडल अधिकारी डॉ सुनील कुमार यादव पहुँचे, तो हड़कम्प मच गया। चोक नालियों को देखकर नोडल अधिकारी का पारा चढ़ गया, उन्होंने ईओ को नियमित सफाई कराने के निर्देश दिए। पटरी दुकानदारों को सड़क पर कूड़ा फेंकने के लिये मना किया और डस्टबिन के प्रयोग की नसीहत दी। अपने दौरे के दूसरे दिन नोडल अधिकारी डॉ सुनील ने आजमगढ़ जाने के दौरान दोस्तपुर नगर पंचायत का औचक निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी के लाभार्थियों से मुलाकात की। डेंगू से बचाव और कस्बे में चल रहे कार्यों को लेकर अधिकारियों को निर्देशित किया। इस मौके पर चेयरमैन राजाराम, ईओ धीरेंद्र प्रताप सिंह व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## वैदिक मंत्रोच्चार के बीच माघ मेले के लिए किया गया भूमि पूजन

प्रयागराज ब्यूरो : माघ मेला सकुशल संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने संगम तट पर पूजन अर्चन कर इसके सकुशल होने की कामना की। संगम की रेती पर एक माह तक चलने वाले मेले को सकुशल संपन्न होने के लिए विधिवत वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन किया गया। इस मौके पर लेटे हनुमान जी मंदिर के महंत बलबीर गिरी, मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत सहित तमाम अधिकारी मौजूद रहे। हर हर महादेव हर हर गंगे के उद्घोष के बीच गंगा का पूजन अर्चन किया गया। इसके साथ ही मेले की तैयारी जोर–शोर से शुरू हो गई है। पीपा पुल बनाने का काम चल रहा है। चार्ज प्लेट्स बिछाई जा रही हैं। विद्युत विभाग ने भी अपना काम शुरू कर दिया है। प्रकाश की व्यवस्था के लिए प्रत्येक सेक्टर में पोल लगा दिए गए हैं।

## किसान ट्रेन से यात्रा करने वाले आधा दर्जन से अधिक रेलयात्री यात्रा से हुये वंचित

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) सोमवार को आचार्य नरेंद्र देव रेलवे स्टेशन से जनरल टिकट लेना एक दर्जन से अधिक रेल यात्रियों को उस समय महंगा पड़ गया।जब उनके पास टिकट रहने के बावजूद वे सभी गंगा सतलज किसान एक्सप्रेस से यात्रा करने को वंचित रह गए।जिसके चलते इस ट्रेन से यात्रा करने वाले रेल यात्री रेल विभाग को कोसते नजर आ रहे थे।इस मौके पर सबसे ज्यादा चिंता की लकीरें उन रेलयात्रियों के चेहरे पर दिखाई दे रही थी जिनका बाराबंकी, लखनऊ जैसे आगे के रेलवे स्टेशन से दूसरी ट्रेन से रिजर्वेशन था।सोमवार को जब धनबाद से चलकर फिरोजपुर को जाने वाली गंगा सतलज किसान एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से कुछ समय से विलंब आचार्य नरेंद्र देव रेलवे स्टेशन पर पहुंची तो वहां पर पहले मौजूद इस ट्रेन से अपने अपने गंतव्य स्थान को जाने के लिए जनरल टिकट लिए सभी रेल यात्री इस ट्रेन से यात्रा करने से वंचित रह गये।इस मौके पर सबसे ज्यादा परेशानी तो उन रेलयात्रियों को हुई जिनका दूसरे ट्रेन से आगे के स्टेशन से रिजर्वेशन था।वही इसी कड़ी में इस ट्रेन में सबसे पीछे वातानुकूलित आधा दर्जन कोच होने के चलते रेलयात्री रिजर्वेशन व जनरल कोच में जाते तब तक ट्रेन छूट चुकी थी।वही जब एक दो बुजुर्ग रेलयात्री वातानुकूलित कोच में यह कहकर जाना चाहा कि अयोध्या कैंट रेलवे स्टेशन पर कोच बदल देगा। इस समय गार्ड ने यह कहा कि शराफत से कोच से उतरो। इसमें जगह नहीं है। इस संबंध में रेलवे विभाग के कर्मियों ने बताया कि कोच संबंधित जानकारी पहले ही रेल विभाग शेयर कर देता है। जिससे रेलयात्रियों को यात्रा के दौरान किसी भी तरह की परेशानी न हो। वही रेलवे स्टेशन पर चार्ट भी लगा दिया जाता है।

facebook YouTube WhatsApp twitter Instagram

–सुविचार–

**उनके पीछे चलो जिनकी सोच अच्छी हो, उनके बारे में सोचो जिनके कर्म अच्छे हों।**

–साभार ज्ञानामृत पत्रिका

OM SHANTI

## सम्पादकीय

# जीवन–यापन की बढ़ती लागत

वैश्विक मंदी की आशंका को देखते हुए क्या हमारी अर्थव्यवस्था पर्याप्त रूप से लचीली है? जाहिर है, औसत भारतीय लंबे समय तक उत्साहित नहीं रह सकता। विगत जुलाई में ग्लोबल इश्यूज बैरोमीटर द्वारा 11,000 भारतीयों के एक सर्वे में दिलचस्प तथ्य सामने आए।

शहरी भारत क्या जीवन–यापन के संकट के दौर में प्रवेश कर चुका है? देश के औसत शहरी परिवार के लिए हफ्ते की बुनियादी किराने की खरीद लागत पिछले एक दशक में 68 फीसदी बढ़ी है। आटे की कीमत जून, 2016 में 24.56 रुपये प्रति किलो थी, जो मार्च, 2022 में 29 प्रतिशत बढ़कर 31.68 रुपये हो गई। खुदरा मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के दो से छह फीसदी की लक्ष्य सीमा से आगे बढ़कर अक्तूबर में पांच महीने के उच्च स्तर 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई है। इससे औसत भारतीयों के लिए रसोई के बजट का प्रबंधन मुश्किल हो जाता है।

हिमाचल प्रदेश इस मामले में एक स्पष्ट सबक देता है। वहां उगाए गए सेब उपभोक्ताओं तक पहुंचने में लंबी यात्रा से गुजरते हैं। राज्य के बागवानी उत्पाद विपणन और प्रसंस्करण निगम ने प्रमुख सेब उत्पादक क्षेत्रों में हर तीन–चार किलोमीटर पर संग्रह केंद्र स्थापित करते हुए कोल्ड स्टोरेज क्षमताओं के साथ कटाई के बाद की सुविधाओं का एक विस्तृत नेटवर्क बनाया है। आपूर्ति व शहरी मांग को देखते हुए इसी तरह का नेटवर्क विकसित करने की दरकार है। इस दौरान अन्य मासिक खर्च में भी मूल्यवृद्धि और अस्थिरता देखी गई है।

गैर–सब्सिडी वाले 14.2 किलोग्राम के एलपीजी सिलेंडर की कीमत जून, 2016 के 548.50 रुपये से बढ़कर अक्तूबर में 1,053 रुपये हो गई। इस बीच, बिजली के बिल भी बढ़ रहे हैं। दिल्ली में जून की तुलना में जुलाई में बिजली की लागत में चार प्रतिशत वृद्धि हुई है। तमिलनाडु में 500 यूनिट तक बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का औसत बिजली बिल 53 प्रतिशत बढ़ जाएगा। कर्नाटक के बिजली नियामक आयोग ने इस साल बिजली की दरों में तीन बार वृद्धि की है।

राष्ट्रीय राजधानी में पेट्रोल की कीमत जून, 2016 में 65.65 रुपये प्रति लीटर थी, जो बढ़कर अक्तूबर, 2022 में 96.72 रुपये प्रति लीटर हो गई है। सीएनजी में भी इस साल सितंबर से अक्तूबर के बीच सात–आठ फीसदी की वृद्धि हुई है। विगत अगस्त में बंगलुरू और मुंबई में किराया 2019 की तुलना में 15–20 फीसदी अधिक था। दिल्ली–एनसीआर में इसी अवधि में औसत वृद्धि 10–15 प्रतिशत, जबकि चेन्नई में 8–10 फीसदी थी।

वर्ष 2019 की तुलना में शादी की औसत लागत 10 फीसदी बढ़ गई है, क्योंकि औसत होटल दरें 15–18 प्रतिशत बढ़ी हैं। विवाह आयोजन के खर्च में भी 40 फीसदी तक इजाफा हुआ है। दोपहिया या कार खरीदना भी महंगा होता जा रहा है। आपूर्ति–शृंखला की चुनौतियों के कारण जनवरी, 2021 से जनवरी, 2022 के बीच विभिन्न प्रकार के कार मॉडलों की कीमतों में चार से आठ फीसदी की वृद्धि हुई है। आपूर्ति शृंखला पर दबाव और अधिक कड़े उत्सर्जन/सुरक्षा मानदंडों को देखते हुए इनमें और वृद्धि होने की आशंका है।

इलेक्ट्रिक टू व्हीलर और थ्री व्हीलर को और अधिक किफायती बनाने के लिए लक्षित सब्सिडी में विस्तार के साथ निजी वाहनों की जरूरत कम करने के लिए हमारे सार्वजनिक परिवहन नेटवर्क में अधिक निवेश की आवश्यकता है। अचल संपत्ति की खरीदारी भी मुश्किल होती जा रही है। दिल्ली, कोलकाता, हैदराबाद और बंगलुरू में संपत्ति की कीमतों में पिछले साल तीन से सात और इस साल तीन से 10 प्रतिशत वृद्धि हुई है। इस दौरान सीमेंट और स्टील जैसी निर्माण सामग्री की लागत में भी वृद्धि हुई है।

होम लोन भी महंगा हो रहा है। रिजर्व बैंक ने अक्तूबर की शुरुआत में रेपो दर बढ़ाकर 5.9 फीसदी कर दिया। वर्ष 2014 के एक अध्ययन में अनुमान लगाया गया था कि एक औसत मुंबई निवासी को महानगर में एक घर का खर्च उठाने में सक्षम होने के लिए 34 साल या उससे अधिक की आय की जरूरत होगी। यह अवधि अब और बढ़ गई है। आवास को किफायती बनाने के लिए जिन मुद्दों पर ध्यान देने की जरूरत है, वे हैं, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया में सुधार, तेजी से वैधानिक मंजूरी को सक्षम करना, किफायती आवास के लिए योजना और डिजाइनिंग में नवाचार को प्रोत्साहन, समय पर परियोजनाओं को खत्म करना सुनिश्चित करना और लाभार्थियों की शीघ्र पहचान।

हमें शहरी स्तर पर जरूरतमंद ईडब्ल्यूएस और एलआईजी लाभार्थियों का डाटाबेस बनाने की जरूरत है। छोटे डेवलपर्स या किफायती आवास परियोजनाओं के प्रोत्साहन के लिए क्रेडिट गारंटी प्रदान करने वाले वित्तीय उत्पादों को विकसित करने की आवश्यकता है। नहीं तो ज्यादातर भारतीयों के लिए किफायती आवास सपना ही बना रहेगा। बचत में भी गिरावट आई है। यह वित्त वर्ष 2021 में भारत के सकल वित्तीय उत्पाद के 15.9 फीसदी के मुकाबले 2022 में महज 10.8 प्रतिशत रह गया है।

आबादी का एक हिस्सा म्यूचुअल फंड और शेयर बाजार में निवेश कर रहा है, पर यह भागीदारी काफी कम है। जुलाई, 2022 तक कुल पैन कार्ड धारकों का सिर्फ आठ फीसदी ही म्यूचुअल फंड में निवेश कर रहा था। कोविड–19 के बाद औसत भारतीय ने अपनी बचत को महंगाई के मुकाबले देखा है। समय के साथ उपभोक्ताओं का विश्वास इस तरह के रुझानों से प्रभावित होगा, जिससे उपभोक्ताओं को अपने घरेलू बजट को संतुलित करने के लिए खरीदारी कम करनी पड़ेगी।

वैश्विक मंदी की आशंका को देखते हुए क्या हमारी अर्थव्यवस्था पर्याप्त रूप से लचीली है? जाहिर है, औसत भारतीय लंबे समय तक उत्साहित नहीं रह सकता। विगत जुलाई में ग्लोबल इश्यूज बैरोमीटर द्वारा 11,000 भारतीयों के एक सर्वे में दिलचस्प तथ्य सामने आए। इसमें शामिल 35 प्रतिशत लोगों ने महसूस किया कि उनकी वित्तीय स्थिति खराब हो रही है, जबकि 46 फीसदी का मानना था कि आर्थिक दृष्टिकोण नकारात्मक है। 32 फीसदी भारतीय परिवारों ने बताया कि वे मासिक खर्च पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।

74 फीसदी ने कहा कि मुद्रास्फीति उनकी दीर्घकालिक योजनाओं को प्रभावित कर रही है, जबकि 92 प्रतिशत ने महसूस किया कि फरवरी से मई के बीच उनका औसत मासिक खर्च बढ़ गया है। अगले दशक में जीडीपी के आधार पर दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने का लक्ष्य रखने वाले देश के नागरिकों के लिए जीवन–यापन करना कठिन होता जा रहा है। अगर समय से सुधारात्मक कदम नहीं उठाए गए, तो महत्वाकांक्षा के साथ आकांक्षाएं भी कम हो जाएंगी। उम्मीद है कि नीति निर्माता इस पर गौर फरमाएंगे और ठोस पहल होगी।

ये लेखक के अपनें विचार हैं।

## बाजार से लौट रहा युवक बाइक फिसलने से हुआ जख्मी

रिपोर्ट–जनार्दन श्रीवास्तव पाली– (हरदोई) मूंगफली बेचने के बाद घर लौट रहा युवक अचानक बाइक फिसलने से नहर के किनारे गिर कर बुरी तरह जख्मी हो गया। जख्मी युवक को पाली पीएचसी ले जाया गया।युवक की गंभीर हालत देखकर पीएचसी पर मौजूद डाक्टरों ने उसे हरदोई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। वहां उसका इलाज किया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक युवक पाली थाने के दलेलपुर निवासी श्रवण कुमार (40) पुत्र दुर्ग विजय सिंह रविवार को पाली गल्ला मण्डी में मूंगफली बेचने के लिये गया हुआ था। मूंगफली बेचने के बाद वह बाइक से अपने घर दलेलपुर वापस लौट रहा था। जैसे ही वह नहर के रास्ते पर पहुंचा कि उसी बीच अचानक उसकी बाइक फिसल गई। जिससे श्रवण कुमार बुरी तरह जख्मी हो गया। राहगीरों ने पुलिस



को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जख्मी युवक को आनन फानन में सीएससी पहुंचवाया, जहां पर उसकी हालत गंभीर देखकर वहां पर मौजूद डाक्टर सुजीत कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद हरदोई मेडिकल कालेज के लिए रेफर कर दिया। जहां पर उसका इलाज चल रहा है।

## भारत में लोकतंत्र या जातितंत्र''–एक बड़ा सवाल – प्रो0अखिलेश्वर शुक्ला

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : संविधान दिवस पर आयोजित विशेष कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वक्ता के रूप में बोलते हुए राजा श्री कृष्ण दत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय जौनपुर के पूर्व प्राचार्य/विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान विभाग प्रोफेसर (डॉ) अखिलेश्वर शुक्ला ने कहा कि 26 नवम्बर 1949 को हस्ताक्षरित एवं 26 जनवरी 1950 को लागू भारतीय संविधान के कई महत्वपूर्ण उपबंधो की चर्चा करते हुए कहा कि –''संविधान निर्माताओं के उद्देश्यों एवं बाबा साहब डॉ भीमराव अम्बेडकर के सपनों के संविधान का स्वरूप (उद्देश्य) काफी कुछ भटक सा गया है। लगभग सवा दो सौ वर्ष से भी ज्यादा हो गया – स्वतंत्रत संयुक्त राज्य अमेरिका के संविधान का निर्माण हो रहा था तो संविधान सभा में जार्ज वाशिंगटन ने अपना विचार व्यक्त करते हुए कहा था कि–'' दलीय राजनीति राष्ट्रीय विकास में बाधक है''। वे राजनीतिक दल पर आधारित लोकतंत्र को विकास में बाधक मानते थे। लेकिन संविधान निर्माण के दौरान हीं दो विचारधाराएं प्रकट हुई और स्वाभाविक रूप से दो राजनीतिक दल निर्मित हो गये,जो आज भी विचारधारा के आधार पर जीवित हैं। पुरे विश्व पर राज करने वाला ब्रिटेन भी अपने राष्ट्रीय विकास के काल में विचारधारा के आधार पर हीं द्विदलीय ब्यवस्था पर आधारित लोकतंत्र को मजबूती प्रदान किया।आज भी ब्रिटिश संविधान लिखित नहीं है। वहीं अमेरिकी संविधान में केवल सात (07) अनुच्छेद है। दोनों देशों में मजबूत लोकतंत्र , राष्ट्रीय विकास में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। वहीं भारतीय संविधान निर्माण के पूर्व भारत की सामान्य जनता के चुने हुए प्रतिनिधियों द्वारा भारतीय संविधान का निर्माण किया गया। जिसे जनता द्वारा निर्मित संविधान का दावा किया गया। यह संविधान विश्व का सबसे बड़ा संविधान है। यह भी ध्यान देने वाली बात है कि –'' भारत के संविधान में सतर वर्षों में सौ से अधिक संबोधन हो चुके हैं। जबकि सबसे छोटा संविधान अमेरिका में सवा दो सौ से अधिक वर्षों में केवल सताइस (27) हीं संबोधन की आवश्यकता पड़ी है। जिसको देखा समक्षा जाये तो स्पष्ट रूप से कहा जा सकता है कि भारतीय





संविधान निर्माताओं के नियत और राजनीतिक दलों की नियति में इतना फर्क है कि लोककल्याणकारी , समाजवादी राज्य की कल्पना स्वप्न मात्र रह गया है। राष्ट्रीय भावना/राष्ट्र निर्माण की बात तो सोचना दूर की बात है। प्रोफेसर अखिलेश्वर शुक्ला ने कहा कि ''जाति आधारित ब्यवस्था राजनीतिक दलों के स्वास्थ्य के अनुकूल है, जबकि राष्ट्रीय हित एवं विकास के सर्वथा प्रतिकूल है''। ऐसे में जाति आधारित ब्यवस्था को समाप्त कर वर्ग आधारित ब्यवस्था जब तक लागू नहीं होगा,तबतक ब्यक्तिगत महत्वाकांक्षा एवं राजनीतिक स्वार्थ फलता फूलता रहेगा। भारत से योग्यताएं विकसित राष्ट्रों की तरफ पलायन करता रहेगा और गरीबी –अमीरी की खांई बढ़ती जाएगी। शिक्षा ब्यवस्था पर शोध होता रहेगा और स्वास्थ्य की चिंता यथावत बनी रहेगी। आवश्यकता है तुष्टिकरण का रास्ता छोड़कर गंभीर चिंतन –मनन एवं राष्ट्रीय भावना से ओतप्रोत सोंच समक्ष विकसित करने की। विशिष्ट अतिथि समाजसेवी बिसी पारूल सिंह ने युवा पीढ़ी को परिवार द्वारा संस्कारवान बनाएं जाने पर बल दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ शम्भु राम ने कम्प्यूटर –मोबाईल युग में शिक्षा ब्यवस्था की चुनौतियों को रेखांकित करते हुए आगाह किया कि यदि इन संसाधनों का सदुपयोग के बजाय दुरुपयोग किया गया तो परिणाम बहुत घातक होंगे। भारतीय संविधान में प्रदत्त ''विचार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता'' के धातक परिणामों से समय रहते सतर्क हो जाने का आग्रह किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ संतोष कुमार पाण्डेय तथा आभार व्यक्त डॉ श्याम सुंदर उपाध्याय ने किया। उपस्थित जनों में डॉ लाल साहब यादव, सुधाकर मौर्य,स्वयम यादव, आफताब, ओमप्रकाश अन्य सहित बड़ी संख्या में छात्र –छाात्राऐं उपस्थित रहे। कार्यक्रम सकुशल संपन्न हुआ।

## तीन दिन के अन्दर दावे आपत्ति एवं आधार कलेक्शन का कार्य शतप्रतिशत पूरा करें – जिलाधिकारी

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : विधान सभावार तैयार की जा रही मतदाताओं की फोटोयुक्त पुनरीक्षण नामावली के सम्बन्ध में रसखान प्रेक्षागृह में आहूत समीक्षा बैठक में अनुपस्थित सुपरवाइजरों के साथ आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने दावे, आपत्ति तथा आधार कलेक्शन कार्यो की समीक्षा की। समीक्षा बैठक में जिलाधिकारी ने मतदाताओं से कम दावे, आपत्ति एवं आधार जमा करने वाले सुपरवाइजरों को फटकार लगाते हुए निर्देश दिये कि तीन दिन के अन्दर दावे, आपत्ति एवं आधार कलेक्शन का कार्य शतप्रतिशत पूरा करें। उन्होने कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपर्ण में कार्य में शिथिलता एवं लापरवारी पर सुपरवाइजर व बीएलओ के खिलाफ विभागीय कार्यवाही के साथ एफ0आई0आर0 दर्ज कराई जायेगी। बैठक में



अपर जिलाधिकारी वन्दना त्रिवेदी, खण्ड शिक्षा अधिकारी तथा सुपरवाइज आदि उपस्थित रहें।

## 11 परिषदीय स्कूलों में 'जुगाड़' से चल रही पढ़ाई : 8805 विद्यार्थी हैं अध्यनरत

गोरखपुर ब्यूरो : नगर क्षेत्र के 11 परिषदीय स्कूलों में 'जुगाड़' से पढ़ाई व्यवस्था चल रही है। इन विद्यालयों में एक भी नियमित शिक्षक नहीं है। दूसरे विद्यालयों के शिक्षकों को संबद्ध कर अध्यापन का कार्य चल रहा है। नगर क्षेत्र के विद्यालयों में यह स्थिति एक दशक से बनी हुई है। आलम, यह है कि नगर क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों में एक शिक्षक के ऊपर 76 बच्चों की पढ़ाई का भार है। जबकि, बेसिक शिक्षा विभाग के मानकों के अनुसार, प्राथमिक विद्यालय में 30 बच्चों पर एक शिक्षक तो उच्च प्राथमिक में 35 बच्चों पर एक शिक्षक की तैनाती का प्रावधान है। मगर, शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने और ग्रामीण से शहरी क्षेत्र में शिक्षकों के स्थानांतरण की कोई योजना न होने से नगर क्षेत्र के 59 विद्यालयों में अब शिक्षकों की संख्या 115 रह गई है। 11 परिषदीय विद्यालयों में तो कोई नियमित शिक्षक ही नहीं हैं। जैसे–तैसे अध्यापन का कार्य चल रहा है। हालांकि, 51 शिक्षामित्र और एक अनुदेशक भी अध्यापन कार्य कर रहे हैं। मगर, मौजूदा व्यवस्था के अंतर्गत बच्चों की पढ़ाई सीधे तौर पर प्रभावित हो रही है। तीन साल पहले ग्रामीण क्षेत्र के परिषदीय स्कूलों की भी कमोबेश स्थिति कुछ ऐसी ही थी। मगर, 68,500 और 69,000 शिक्षकों की भर्ती के अंतर्गत जिले को 1500 नए शिक्षक मिले हैं। उसके बाद जिले के 2504 परिषदीय स्कूलों में तैनात शिक्षकों की संख्या 9000 तक पहुंच गई है। 10 साल पहले शिक्षकों का हुआ था स्थानांतरण प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष



राजेश दुबे ने बताया कि नगर क्षेत्र के विद्यालयों में 10 साल पहले शिक्षकों का स्थानांतरण हुआ था। उसके बाद स्थानांतरण नहीं हुआ। जो शिक्षक तैनात हुए, वे धीरे–धीरे सेवानिवृत्त हो गए। शिक्षामित्र और अनुदेशक न रहें तो पढ़ाई ठप हो जाएगी। इन विद्यालयों में नियमित शिक्षक नहीं प्राथमिक विद्यालय रायगंज कन्या, प्राथमिक विद्यालय डोमिनगढ़ द्वितीय, प्राथमिक विद्यालय झुंगिया, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर, प्राथमिक विद्यालय असुरन प्राचीन, प्राथमिक विद्यालय झरनाटोला, प्राथमिक विद्यालय महादेव झारखंडी, प्राथमिक विद्यालय रेलवे बौलिया, प्राथमिक विद्यालय शास्त्रीनगर, प्राथमिक विद्यालय डोमिनगढ़ प्रथम, प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर बीएसए आरके सिंह ने कहा कि शासन स्तर पर ग्रामीण क्षेत्र में तैनात शिक्षकों को नगर क्षेत्र में लाने की कवायद चल रही है। दिशा–निर्देश का इंतजार है। जबतक शिक्षक नहीं मिल जाते हैं, तब तक स्कूलों में शिक्षकों को शिक्षक विहीन विद्यालयों से संबद्ध कर अध्यापन की व्यवस्था उपलब्ध कराई जा रही है।

## बहुत ही धूमधाम से मनाया गया महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी जी का स्मृति दिवस

हरदोई ब्यूरो अम्बरीष कुमार सक्सेना : सण्डीला महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी जी के स्मृति दिवस के कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारी क्षेत्रीय विधायक अलका सिंह अर्कवंशी का मितौ प्रधान डॉ० उमेश सूर्या ने पुष्प गुच्छ व अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर गर्मजोशी से किया स्वागत।विधायक ने बताया की सण्डीला नगर को स्थापित करने वाले हमारे अर्कवंशी समाज के पूर्वज महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी ने बसाया था।उन्होंने ने कहा की ये मेरे लिए सौभाग्य की बात है कि मुझे महाराजा जी के स्मृति दिवस में शामिल होने का शुभ अवसर प्राप्त हुआ।विधायक ने कार्यक्रम के संयोजक प्रधान डॉ उमेश सूर्या का धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में आये हुए सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।कार्यक्रम में आलोक सिंह अर्कवंशी प्रधान महुवा टाडा ने सैकड़ों की संख्या में बाइक रैली निकाल कर स्मारक स्थल पर पहुंचे।और संजय सिंह अर्कवंशी ने जनचेतना रथ यात्रा माता बराही देवी मंदिर से हजारों की संख्या में महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी स्मारक स्थल पर पहुंच कर रैली को समाप्त किया।इस शुभ अवसर पर अर्कवंशी क्षत्रिय महासभा के सभी पदाधिकारियों सहित हजारों की संख्या में दिल्ली,लखीमपुर,सीतापुर आदि जिलों से लोग पहुंच कर महाराजा सल्हीय सिंह अर्कवंशी अमर रहे, अमर रहे, के जयकारा लगाकर मनाया स्मृति दिवस।इस मौके पर अर्कवंशी समाज के सम्भ्रांत नागरिक जीवन सिंह अर्कवंशी, संजय सिंह अर्कवंशी,परशुराम सिंह अर्कवंशी,महेश सिंह अर्कवंशी,श्रवण






सिंह अर्कवंशी, आनंद सिंह अर्कवंशी,जनमेजय सिंह अर्कवंशी,भूपेंद्र सिंह अर्कवंशी, सोनू सिंह अर्कवंशी, सतीश शास्त्री, रमेश सिंह अर्कवंशी,अमरेंद्र सिंह अर्कवंशी,रामनरेश आर्य,गोविंद सिंह अर्कवंशी, दिग्विजय सिंह अर्कवंशी,राहुल सिंह अर्कवंशी, फतेहबहादुर सिंह अर्कवंशी,राज सिंह अर्कवंशी,आदि हजारों की संख्या में सम्मानित नागरिक मौजूद हुए।

## शादी के बंधन में बंधें 1192 जोड़े : सीएम योगी ने दिया आशीर्वाद

गोरखपुर ब्यूरो : गोरखपुर जिले में सोमवार को चंपा देवी पार्क में आयोजित सामूहिक विवाह कार्यक्रम में विवाह के बंधन में जोड़े बंध रहे हैं। 1192 जोड़ों को आशीर्वाद देने पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी तबके को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनी तो यह पता चला कि दहेज के चलते आर्थिक अभाव में कई गरीब कन्याओं का विवाह नहीं हो पाता रहा। इस समस्या को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना की शुरुआत की गई। कहा कि इन नव दंपतियों को पहले 31 हजार, अब 51 हजार रुपये दिए जाते हैं। अबतक प्रदेश के दो लाख से अधिक जोड़ो का विवाह इस योजना के अंतर्गत हो चुका है। डबल इंजन की सरकार पूरी ईमानदारी व प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। एक करोड़ से अधिक लोगों को पेंशन दी जा रही है। कोरोना काल खंड में 15 करोड़ परिवारों को निशुल्क राशन दिया गया। यहां आयोजित कार्यक्रम में हर धर्म जाति के जोड़ों का विवाह हो रहा है। उन्होंने कहा कि हम सबको यहां आने का अवसर मिला। मुख्यमंत्री ने सभी से अपील की कि सब मिलकर बाल विवाह व दहेज जैसी कुप्रथा का खत्म करें।

## समाजवादियों ने ठाना है डिंपल जी को सांसद बनाना है

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : यूपी के मैनपुरी उपचुनाव में मैनपुरी के शहरी क्षेत्र में विभिन्न जिलों के लोग पहुँच कर सपा की प्रत्याशी डिम्पल यादव के पक्ष में लोगो से वोट करने की अपील कर रहे हैं।इसी कड़ी में जौनपुर से डॉ चित्रलेखा सिंह राष्ट्रीय सचिव समाजवादी पार्टी महिला सभा, रेनू बाला सिंह प्रदेश सचिव समाजवादी पार्टी महिला सभा द्वारा दभी डोर टू डोर जनसंपर्क किया।इस दौरान पूर्व एमएलसी असीम यादव एवं जौनपुर सदर के पूर्व विधायक



अरशद खान एवं अन्य सभी सहयोगी ने भी घर घर जनसंपर्क कर डिम्पल यादव के लिये जनता से वोट मांगा।

## थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा गैर इरादन हत्या के वांछित 04 आरोपित अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना खेतासराय अन्तर्गत दिनाक 23.11.2022 को ग्राम सोंगर में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्ष मो0 नाजिम पुत्र शमशेर अहमद व कासिफ पुत्र सोहेल अहमद आदि के बीच पुरानी रंजिश के विवाद को लेकर आपस मे मारपीट हुई थी जिसमें प्रथम पक्ष के मो0 तालिब पुत्र शमशेर अहमद की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी। मृतक के भाई मो0 नाजिम के तहरीर पर मु0अ0स0 225/2022 धारा 308,323,452 भा0द0वि0 बनाम कासिफ पुत्र सुहेल अहमद आदि 4 नफर पजीकृत किया गया था तथा मृत्यु के उपरांत धारा 304 भा0द0वि0 की बढ़ोतरी करते हुए नामजद वांछित 04 अभियुक्तों को आज दिनांक 27/11/2022 को समय 12:30 बजे गुरैनी बाजार से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही कर माननीय




न्यायालय भेजा जा रहा है। गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण– 1. कासिफ पुत्र सुहेल निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.ताबिश पुत्र सुहेल निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3.साजिद पुत्र सुहेल निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 4.मोअज्जम पुत्र मो0 आजम निवासी सोंगर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण 1.ि श्री यजुवेंद्र कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 2. उ0नि0 हरिशंकर यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर। 3. कां0 दिनेश यादव 4.का0 दिनेश सरोज 5. कां0 अमरनाथ यादव थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

## थाना जफराबाद पुलिस द्वारा मारपीट के 04 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी नगर जौनपुर के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष जफराबाद श्री राजा राम द्विवेदी के कुशल नेतृत्व मे म0उ0नि0 सरिता यादव मय हमराह हे0का0 विनीत यादव , का0 राहुल यादव , का0 परवेज अहमद ,का0 धनन्जय कुमार व का0 सौरभ मिश्रा द्वारा मु0अ0सं0 167/2022 धारा 147/323/504/506/308 भादवि के वांछित अभियुक्तगण 1. मेराज अहमद उर्फ छोटू पुत्र अहमद शाह उम्र करीब 19 वर्ष 2. कैश अली पुत्र अहमद शाह उम्र करीब 21 वर्ष 3. महेन्द्रनाथ पाण्डेय पुत्र स्व0 सत्यदेव पाण्डेय उम्र करीब 59 वर्ष 4.आदेश पाण्डेय उर्फ छोटू पुत्र महेन्द्रनाथ पाण्डेय उम्र करीब 19 वर्ष नि0गण भूलेमऊ ( सरैया) थाना जफरबाद जनपद जौनपुर




को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार अभियुक्त का विवरण– 1.मेराज अहमद उर्फ छोटू पुत्र अहमद शाह उम्र करीब 19 वर्ष 2. कैश अली पुत्र अहमद शाह उम्र करीब 21 वर्ष 3. महेन्द्रनाथ पाण्डेय पुत्र स्व0 सत्यदेव पाण्डेय उम्र करीब 59 वर्ष 4.आदेश पाण्डेय उर्फ छोटू पुत्र महेन्द्रनाथ पाण्डेय उम्र करीब 19 वर्ष नि0गण भूलेमऊ ( सरैया) थाना जफरबाद जनपद जौनपुर गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम– 1. उ0नि0 श्री राजाराम द्विवेदी,थानाध्यक्ष जफराबाद जौनपुर 2. म0उ0नि0 सरिता यादव थाना जफराबाद जौनपुर 3. हे0का0 विनीत यादव , का0 राहुल यादव , का0 परवेज अहमद ,का0 धनन्जय कुमार व का0 सौरभ मिश्रा थाना जफराबाद जौनपुर।

## अमेठी छात्रावास आगरा वाराणसी व मिर्जापुर मण्डल पहुँचा सेमीफाइनल

जौनपुर सू.वि. : खेल निदेशालय उ०प्र० एवं उ०प्र० कबड्डी संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय, जौनपुर द्वारा इन्दिरा गांधी स्पोर्टस स्टेडियम सिद्दीकपुर में प्रदेशीय समन्वय सब–जूनियर बालक कबड्डी प्रतियोगिता के आज दूसरे दिन 27 नवम्बर, 2022 को मैच हुआ। आज की प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मनीष कुमार वर्मा, जिलाधिकारी जौनपुर एवं विशिष्ट अतिथि डॉ0 अंकिता राज, सचिव आकांक्षा समिति उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि का मार्ल्यापण कर उ०प्र० कबड्डी संघ के महासचिव श्री राजेश कुमार सिंह व डॉ0 अतुल सिन्हा, क्रीड़ा अधिकारी द्वारा स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि का मार्ल्यापण मीतू सिंह, प्रशिक्षक सैफई स्पोर्ट्स कॉलेज द्वारा किया गया तथा विशिष्ट अतिथि महोदया को स्मृति चिन्ह शिखा सिंह, प्रशिक्षक गोण्डा तथा अंगवस्त्रम् मीतू सिंह द्वारा प्रदान किया गया। इस अवसर पर क्रीड़ा अधिकारी डॉ० अतुल सिन्हा, उप क्रीड़ा अधिकारी, श्री चन्दन सिंह के साथ ही पी0 के0 पाण्डेय, प्रदेश उपाध्यक्ष कबड्डी संघ, मो0 अकरम संयुक्त सचिव, सुरेश सिंह, चेयरमैन रेफरी बोर्ड, सत्येन्द्र सिंह, संयुक्त सचिव उ0प्र0, रविचन्द्र यादव, सचिव, जिला कबड्डी संघ, राकेश यादव, संयुक्त सचिव जौनपुर, रामपाल, प्रशिक्षक वाराणसी तथा प्रदेश के 18 मण्डल व स्पोट्स कॉलेज सैफई व अमेठी छात्रावास सहित कुल 20 टीमो के साथ टीम मैनेजर व निर्णायक एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। मुख्य अतिथि



द्वारा कबड्डी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया था। 27 नवंबर 2022 को हुए कबड्डी मैच का विवरण इस प्रकार है– पहला क्वाटर फाइनल अलीगढ़ व अमेठी हॉस्टल के मध्य हुआ जिसमें अमेठी विजेता होकर सेमीफाइनल में प्रवेश की। दूसरा क्वार्टर फाइनल आगरा व आजमगढ़ के मध्य हुआ जिसमें आगरा विजेता हुई एवं सेमीफाइनल में पहुँची। तीसरा क्वाटर वाराणसी व मेरठ के मध्य हुआ जिसमें वाराणसी विजेता होकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया तथा अन्तिम क्वाटर फाइनल मैच सहारनपुर एवं मिर्जापुर के मध्य खेला गया जिसमें मिर्जापुर विजेता हुई और सेमीफाइनल में स्थान सुनिश्चित किया। सेमीफाइनल का मैच दिनांक 28 नवंबर 2022 को प्रातः सत्र में खेला जायेगा। जिसमें पहला सेमीफाइनल अमेठी हॉस्टल व आगरा के मध्य होगा। दूसरा सेमीफाइनल मैच वाराणसी व मिर्जापुर के मध्य होगा। तदोपरान्त अपरान्ह 1.00 बजे फाइनल मुकाबला आयोजित किया जायेगा जिसके मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी जौनपुर व विशिश्ट अतिथि साई तेजा सीलम, मुख्य विकास अधिकारी होंगे। मैच समाप्ति के उपरान्त पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया जायेगा। कबड्डी प्रतियोगिता के विजेता टीम को पुरस्कृत करने के साथ ही जनपद के प्रतिभावान बैडमिण्टन बालिका खिलाड़ियों को खेल उपकरण व किट प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा। तदोपरान्त भारतीय खेल प्राधिकरण एवं खेल विभाग के समन्वय से संचालित खेलो इण्डिया योजनान्तर्गत चयनित बालक/बालिकाओं को किट वितरित किया जायेगा।

## थाना जलालपुर पुलिस ने तीन वारंटी अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जौनपुर द्वारा वांछित/वारंटी अभियुक्तों की गिरफ्तारी के सम्बन्ध में चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर डा0 संजय कुमार के दिशा निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी केराकत श्री गौरव शर्मा के निकट पर्यवेक्षण व थानाध्यक्ष श्री



जितेन्द्र बहादुर सिंह थाना जलालपुर, जौनपुर के नेतृत्व में थाना जलालपुर पुलिस द्वारा तीन वारन्टी सम्बन्धित मु0नं0– 709/20 धारा 138 एनआई एक्ट के वारंटी सन्तोष चौबे पुत्र जितेन्द्र उर्फ जिलेदार निवासी कोतवालपुर थाना जलालपुर जौनपुर, मु0नं0– 340/20 धारा 323/504 भादवि के वारंटी गुरु प्रसाद पुत्र रामलखन निवासी पुरेव थाना जलालपुर जौनपुर एवं मु0नं0– 187/010 धारा 302/201 भादवि के वारन्टी किशोरी लाल सोनकर पुत्र जत्तन सोनकर निवासी लालपुर थाना जलालपुर जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार किया गया अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । गिरफ्तार वारन्टी – 1– सन्तोष चौबे पुत्र जितेन्द्र उर्फ जिलेदार निवासी कोतवालपुर थाना जलालपुर जौनपुर । 2– गुरु प्रसाद पुत्र रामलखन निवासी पुरेव थाना जलालपुर जौनपुर । 3– किशोरी लाल सोनकर पुत्र जत्तन सोनकर निवासी लालपुर थाना जलालपुर जौनपुर । गिरफ्तारी टीम– 1– उ0नि0 सदन प्रसाद, थाना जलालपुर, जौनपुर । 2– उ0नि0 रमेश चन्द्र थाना जलालपुर, जौनपुर । 3– उ0नि0 रामबिलास थाना जलालपुर, जौनपुर । 4– हे0का0 ओमकार सिंह, का0 सोनू निषाद, का0 छंगालाल, का0 रामकुमार, का0 संजय चौरसिया थाना जलालपुर, जौनपुर।

### थाना शाहगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : थाना शाहगंज पुलिस द्वारा एक वारंटी अभियुक्त चेतई पुत्र बासदेव नि0 मोलनापुर सबरहद थाना शाहगंज




जौनपुर सम्बन्धित मु0नं0 264/2017 धारा 323/504 भादवि थाना शाहगंज जौनपुर को उनके घर से गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही उपरान्त माननीय न्यायालय भेजा गया । गिरफ्तार वारण्टी – चेतई पुत्र बासदेव नि0 मोलनापुर सबरहद थाना शाहगंज जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीमः– 1.उ0नि0 श्री विजय सिंह गौड थाना शाहगंज जनपद जौनपुर 2.कां0 दुर्गेश कुमार थाना शाहगंज जनपद जौनपुर।

## रेलवे की लापरवाही व फर्जीवाड़े से यात्री हो रहे हलाकान

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : रेलवे देश की एक ऐसी संस्था है जिस पर भारतीयों को सबसे ज्यादा भरोसा होता है और जब भरोसे पर ही चोट हो जाए तो अपना दर्द कहां बयान करें। वाराणसी



से लखनऊ जाने वाली शटल ट्रेन 20401 मैं जौनपुर के रहने वाले हुसैनाबाद की यात्री प्रदीप्ति मिश्रा जो लखनऊ से डाक्टर की पढ़ाई कर रही हैं, लखनऊ जाने के लिए अपना रिजर्वेशन कराया। कोच संख्या ब्म–2 में सीट नम्बर 73 में 27 नवम्बर 2022 को बुक थी। प्रदीप्ति जब अपने आरक्षित कोच में पहुंचीं तो पता चला कि कोच में सीट ही नहीं थी। कोच में सबसे पीछे 71,72,74,75 एक रो में लगी थी लेकिन 73 नम्बर की सीट ही नहीं थी इस कारण से यात्री को जहां एक तरफ मानसिक तनाव हुआ वहीं पूरी यात्रा इधर उधर बैठ कर व खड़े होकर करने पड़ी। उनके पिता प्रदीप मिश्र रेलवे के इस बेहद लापरवाही व फर्जीवाड़े से बेहद नाराज हैं उन्होंने प्रधानमंत्री को ट्वीट कर शिकायत दर्ज कराई और साथ ही रेलवे मिनिस्ट्री व डीआरएम लखनऊ को भी ट्वीट किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी देश की रेल ,सेल, भेल, एरोप्लेन प्लेटफार्म रेलवे की पटरी सब कुछ बेंच रहे हैं,वही अब रेलवे इस पर उतर आए हैं कि जो नहीं है उसे भी बेचने पर लग गए हैं। हम इस लापरवाही व फर्जीवाड़े के खिलाफ उपभोक्ता फोरम में रेलवे पर मुकदमा करेंगे।

## सामुहिक विवाह को लेकर बैठक हुई सम्पन्न

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था जज कॉलोनी जौनपुर के तत्वाधान में जेब्रा द्वारा आयोजित सामूहिक विवाह के संदर्भ में एक आवश्यक बैठक की गई । जिसमें प्रमुख रुप से साहित्यकार सभाजीत द्विवेदी प्रखर ने कहां की सामूहिक विवाह के पीछे परम लक्ष्य है कि दहेज रूपी दानव के मुक्ति के लिए बहुत से गरीब तबके को आर्थिक बोझ से बचाने के लिए सामूहिक विवाह सामाजिक रूप से सर्वाधिक प्रासंगिक है। जिसमें ग्रामीण अंचल के छूटे हुए लोग जुड़कर अपना वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न कराते हैं। विमर्श को आगे बढ़ाते हुए चिंतक वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि जेब्रा संस्था द्वारा इमानदारी से समाज में गरीबों के लिए सामूहिक विवाह कार्यक्रम का आयोजन करती आ रही है। सौभाग्यशाली हैं वह लोग जिनका समाज में सामूहिक रूप से आशीर्वाद पाते हैं। मध्यमवर्गीय के लिए यह एक प्रोत्साहन है वह भी इस तरह का आयोजन करें । समाज को सहयोग करना चाहिए । ऐसे आयोजनों के लिए सरकार तथा प्रबुद्ध जनों को इस तरह के आयोजन में पूर्ण सहभागिता करनी चाहिए। साहित्यकार गिरीश श्रीवास्तव गिरीश ने कहा कि हमारी अपील है नव जोड़ी सबसे पहले अपना नामांकन कराएं ताकि समयानुसार सामूहिक वैवाहिक कार्यक्रम नव जोड़ों का संपन्न कराया जा सके । हजारों – हजार की संख्या में उपस्थित होकर फिजूलखर्ची से बचते हुए समाज को एक नई गति नई दिशा प्रदान करें। अपने–अपने सामर्थ्य के अनुकूल समाज में एक नया उदाहरण प्रस्तुत करें। गायत्री परिवार के पद्माकर मिश्रा जी ने कहा कि कन्या दान से बड़ा कोई




उत्कृष्ट कार्य नहीं है कोई यज्ञ नहीं है । इस तरह से धनसंपदा अन्य संपदा सभी चीजों की बचत होती है । यह बहुत ही उत्कृष्ट कार्य है हमें गर्व है कि इस महान कार्य में हम अन्यन् सहयोगी हैं। राजकीय इंटर कॉलेज भकुरा के प्रधानाचार्य प्रभाकर सिंह ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में हम सब पूर्ण सहयोग के लिए तत्पर हैं। इंजीनियर हरिकेश यादव ने कहा कि सामाजिक समस्याओं का हल है सामूहिक विवाह। उक्त अवसर पर हर्ष द्विवेदी अनिल कुमार सिंह रंगनाथ द्विवेदी और कार्यक्रम संयोजक संजय उपाध्याय प्रमुख रूप से शामिल रहे ।

## "यातायात माह नवम्बर"' के तत्वाधान में यातायात नियमों के प्रति प्रचार प्रसार कर जागरुकता कार्यक्रम

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : "यातायात माह नवम्बर"' के तत्वाधान में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन निर्धारित कार्यक्रम यातायात नियमों के प्रति प्रचार प्रसार कर जागरुकता कार्यक्रम के अन्तर्गत सिपाह तिराहा पर प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0 डी0 शुक्ला तथा सहयोगी, निरीक्षक यातायात सैयद हुसैन मुंतजर व उपनिरीक्षक यातायात शिवचंद्र यादव मौजूद रहे मौके पर प्रभारी निरीक्षक यातायात जी0 डी0 शुक्ला के द्वारा गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें क्षेत्र के प्रभावशाली व्यक्तियों द्वारा शिरकत की गई तथा बस ,ऑटो व अन्य वाहनों के मालिक व चालकों को यातायात नियमों के बारे में बताया/ समझाया गया यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की गई व यातायात पुलिस के इस कार्यक्रम का सबके द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की गयी तथा वाहन चलानें वालों की चेकिंग की गयी, यातायात नियमों का पालन न करने पर चालान की कार्यवाही की गयी तथा इसके प्रति प्रचार प्रसार कर वाहन




चालको कों जागरूक किया गया । तथा आज दिनांक 27.11.2022 को जनपद पुलिस/यातायात पुलिस द्वारा यातायात नियमों का उल्लघंन करने वाले वाहन चालको के विरुद्ध कुल 227 चालान व 2,37,000– रुपये शमन शुल्क की कार्यवाही की गयी है ।

## राष्ट्रीय महासचिव तथा प्रमुख महासचिव ने पदाधिकारियों का किया समीक्षा

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी की समीक्षा बैठक हिंदी भवन जौनपुर में संपन्न हुई। जनपद के सभी पदाधिकारियों की समीक्षा सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय प्रमुख महासचिव डॉ अरविंद राजभर ने लिया । बतौर मुख्य अतिथि डॉ राजभर ने पार्टी संगठन के साथ–साथ सभी मोर्चों के गठन जनपद से लेकर विधानसभा, ब्लॉक सेक्टर ,बूथ का गठन दिसंबर माह में पूरा करना अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि आने वाला समय उत्तर प्रदेश में अति पिछड़ा, गरीबों, शोषित तथा किसानों, युवाओं व बेरोजगारों के लिए केवल और केवल सुभासपा विकल्प होगी जो सड़क से लेकर सदन तक सब के हित की लड़ती आ रही है। कार्यकर्ताओं को विधायक जखनिया गाजीपुर बेदी राम और राष्ट्रीय महासचिव डॉक्टर जेपी सिंह ने भी संबोधित किया । संचालन प्रदेश सचिव हरी लाल राजभर ने किया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष बृजभान राजभर ने किया ।समीक्षा बैठक



मे सुभासपा के संस्थापक सदस्य मोदनवाल व जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद अफजल खां, नगर अध्यक्ष गौराबादशाहपुर इरशाद अंसारी, जिला अध्यक्ष श्रीमती माया शर्मा ,जितेंद्र, प्रदीप राजभर ,मंगल राजभर आदि शामिल हुए।

### थाना खेतासराय पुलिस टीम द्वारा प्रेमी की पीट कर हत्या करने के मामले में नामजद 03 वांछित आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

जौनपुर ब्यूरो विश्वप्रकाश श्रीवास्तव : श्री अजय कुमार साहनी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर के निर्देशन में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक नगर श्री संजय कुमार जनपद जौनपुर के दिशा निर्देशन व क्षेत्राधिकारी शाहगंज श्री चोब सिंह जौनपुर के पर्यवेक्षण में थाना खेता सराय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम फरीदपुर में दिनाक 26/11/2022 को आशनाई के चक्कर में प्रेमी की पीट कर हत्या करने के मामले में नामजद /वांछित अभियुक्तों को आज दिनांक 28/11/2022 को समय 08:10 बजे सुबह अब्बोपुर बाजार से गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्रवाई कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है गिरफ्तार अभियुक्तो का नाम व पता– 1. दिलीप पुत्र राधेश्याम बिंद निवासी फरीदपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2. दीपचंद पुत्र राधेश्याम बिंद निवासी फरीदपुर थाना खेतासराय




जनपद जौनपुर 3. बासमती पत्नी राधेश्याम बिंद निवासी फरीदपुर थाना खेतासराय जनपद जौनपुर अभियुक्त गण का आपराधिक इतिहास 1. मु0अ0स0 229/2022 धारा 304,504 भा0द0वि0 थाना खेतासराय जनपद जौनपुर गिरफ्तारी करने वाली टीम का विवरण 1.ि श्री यजुवेंद्र कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 2.उ0 नि0 राकेश कुमार सिंह थाना खेतासराय जनपद जौनपुर 3.हे0कां0 मो0आरिफ 4.का0 त्रिगुण कुमार 5. म0कां0 राखी थाना खेतासराय जनपद जौनपुर।

# कचहरी में कुर्सी मेज टूटने से नाराज अधिवक्ताओं द्वारा किया गया प्रदर्शन

वाराणसी ब्यूरो : कचहरी में सोमवार को कुर्सी, मेज टूटने से नाराज अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया। जिला प्रशासन पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए अधिवक्ता विरोध स्वरूप जमीन पर ही अपना कचहरी का बस्ता रखकर काम कर रहे हैं। कचहरी में जिला पंचायत के सामने कुछ अधिवक्ताओं ने अपनी चौकी डाल रखी थी। वहां कुर्सी, मेज भी रखा था। हर दिन की तरह सोमवार सुबह जब अधिवक्ता पहुंचे तो देखा कि चौकी के साथ ही उनका कुर्सी,मेज सब तोड़ दिया गया था। जब कहीं से इसकी सही जानकारी नही मिली तो अधिवक्ताओं ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। घटना क्यों और किसने इसको अंजाम दिया यह तो नही पता चल पाया है लेकिन बताया जा रहा है कि चौकी रखने को लेकर भी कुछ अधिवक्ताओं,जिला प्रशासन में नोकझोंक हुई थी। फिलहाल अधिवक्ता शांतिपूर्ण तरीके से जमीन पर ही बैठकर अपना काम कर रहे हैं। सेंट्रल बार एसोसिएशन के महामन्त्री



अश्वनी रॉय ने कहा सेंट्रल बार भवन और जिला पंचायत के सामने कुछ लोग अवैधानिक तरीके से सड़क पर ही चौकी, कुर्सी रख दिये थे। कुछ वकीलो ने इसकी शिकायत बार से की थी। कार्यकारिणी ने भी इसे अवैध अतिक्रमण कहा था। इसके बाद इसकी शिकायत बार ने और जिला पंचायत ने भी जिला प्रशाशन से की थी। उसी क्रम में प्रशासन ने इसे हटा दिया। बार का इस घटना से कोई लेना देना नही है।

# एक हजार का चालान काटने से नाराज लाइनमैन ने पुलिस चौकी की बिजली काटी : कामकाज हुआ ठप

सीतापुर ब्यूरो : पुलिस को लाइनमैन का चालान करना महंगा पड़ गया। नाराज लाइनमैन ने बकाया होने पर पुलिस चौकी की बिजली काट दी। इससे चौकी में कामकाज ठप हो गया। झरेखापुर पावर हाउस में कार्यरत संविदा कर्मी लाइनमैन मनोज कुमार शनिवार शाम दफ्तर से घर जा रहा था। मनोज ने बताया कि झरेखापुर चौकी क्षेत्र में पुलिस वाहनों की चेकिंग कर रही थी। पुलिस ने उसकी बाइक को रोका और हेलमेट न लगाने पर उसका एक हजार रुपये का ऑनलाइन चालान कर दिया। उसने अपने उच्चाधिकारियों को इसकी जानकारी दी। इस पर पावर कॉर्पोरेशन ने बिना कोई नोटिस दिए पुलिस चौकी की बिजली काट दी। इससे पुलिस चौकी में लगे सीसीटीवी कैमरे भी बंद हो गए। इससे कोई भी अप्रिय घटना घटित हो सकती थी। उच्च अधिकारियों के हस्तक्षेप के बाद पावर हाउस के अवर अभियंता रमेश मिश्रा ने स्वयं चौकी पर जाकर कनेक्शन



को जुड़वाया। उन्होंने बताया कि पुलिस चौकी पर 5.81 लाख बिजली का बिल बकाया है। इंस्पेक्टर आलोकमणि त्रिपाठी का कहना है कि पावर कॉर्पोरेशन को पुलिस ऑफिस को बिल बकाया होने का नोटिस देना चाहिए था। नियमों के विपरीत कनेक्शन काटना गलत है।

# भाजपा सरकार में हो रहा चहुंमुखी विकास – हरिश्चंद्र श्रीवास्तव

अयोध्या।(राजेश श्रीवास्तव ब्यूरो चीफ अयोध्या) भाजपा सरकार के शासन काल में कथनी और करनी में कोई अंतर नहीं है।केंद्र व प्रदेश सरकार इस समय केंद्र व प्रदेश की सरकार जहां एक ओर सभी वर्गों



को साथ लेकर सबका साथ सबका विकास करने में जुटी है।वही प्रदेश में शासन के सख्त रवैया के चलते अपराधियों की कमर भी टूट गई है।यह बातें रविवार को सोमवार को थाना पूरा कलंदर क्षेत्र के पोरा गांव में आयोजित अशोक कुमार श्रीवास्तव के सुपुत्र रवि कांत श्रीवास्तव के विवाहोपरांत आयोजित प्रीतिभोज में आए भाजपा प्रदेश प्रवक्ता हरीश चंद्र श्रीवास्तव ने एक मुलाकात में कही।इस मौके पर उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में भाजपा सरकार जहां एक ओर सबका साथ सबका विकास तर्ज पर काम कर रही है।वही ठीक इसके विपरीत प्रदेश में अराजकता, हिंसा, अपराधिक गतिविधियों से निपटने के लिए इसमें शामिल अपराधियों पर नकेल कसने के लिये उन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही भी कर रही है। जीता जागता उदाहरण प्रदेश में आज जहां चहुमुखी विकास हो रहा है वही प्रदेश के सभी जिले अपराधियों से मुक्त हो रहे हैं।जिसके चलते आज हमारा समाज भय मुक्त बन रहा है वही इस मांगलिक कार्यक्रम में पधारे भाजपा जिला उपाध्यक्ष महिला मोर्चा मधु पाठक ने बताया कि भाजपा सरकार मे महिलाएं पूरी तरीके से सुरक्षित हैं और वह अपनी बातों को बेहिचक किसी से भी कह सकती हैं।आज समाज में भाजपा सरकार की ही देन है जिसके चलते हमारे देश की महिलाएं पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही है। इस मौके पर दीपक श्रीवास्तव,अनुराग,शशि कान्त श्रीवास्तव मौजूद रहे।वही इस मांगलिक कार्यक्रम में इससे पहले दोपहर में समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता राघवेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ अनूप सिंह, सुल्तान खान,शुभम सिंह,रवि वर्मा ग्राम प्रधान पोरा, अग्निशमन अधिकारी प्रदीप कुमार पाण्डेय सहित अग्निशमन विभाग के कर्मियों के अलावा अन्य प्रतिष्ठित लोग मौजूद रहे।

# मिस्टर यूपी बने जुबैर : यूपी मसल्समैन बने प्रशांत

दिल्ली ब्यूरो : शेखर सराफ क्लासिक प्रदेशीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में संभल के जुबैर खान शेखर सराफ क्लासिक मिस्टर यूपी टाइटल के चौंपियन बने। डॉ. हेडगेवार टाइटल मसल्समैन ऑफ उत्तर प्रदेश का खिताब मुजफ्फरनगर के प्रशांत वीर सिंह को मिला। विजेताओं को नकद इनाम राशि दी गई। डब्ल्यूडब्ल्यूई के पहलवान राधे गुर्जर नोएडा और मिस्टर इंडिया असलम मलिक आकर्षण का केंद्र रहे। उनके साथ सेल्फी लेने की होड़ मच गई। सासनी गेट स्थित श्री महेश्वर इंटर कॉलेज के मैदान में जिला बॉडी बिल्डिंग एसोसिएशन की ओर से आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन मंडलीय ओलंपिक एसोसिएशन के अध्यक्ष सुमित सराफ व विद्यालय प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशोक गांधी ने किया। मुख्य अतिथि सुमित सराफ ने कहा कि बॉडी बिल्डिंग राष्ट्र निर्माण के लिए महत्वपूर्ण है। विजेता खिलाड़ियों को उनकी योग्यता के अनुसार निजी क्षेत्रों में रोजगार दिलाएंगे। एसोसिएशन के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय महेश्वरी ने डॉ. हेडगेवार के चित्र को बॉडी बिल्डिंग के पदाधिकारियों और जिम संचालकों को भेंट कर उसे अपने जिमों और अखाड़ों में लगाने की अपील की। एसोसिएशन के महासचिव मजहर उल कमर ने कहा कि खेल संघ का उद्देश्य निःस्वार्थ भाव से खेल और खिलाड़ियों की सेवा होनी चाहिए न कि व्यवसाय। पहले से अधिक आधुनिक सुविधा के बावजूद बॉडी बिल्डिंग




में बड़ी गिरावट आई है। इसका कारण खेल संघों की खेल के बढ़ावे के नाम पर खिलाड़ियों को गुमराह कर उनसे धन उगाही है। संचालन कार्यक्रम अध्यक्ष मुजाहिद असलम ने किया। निर्णायक मंडल में मोहम्मद कफील, आगरा से रफीकखान, दीपक शर्मा, कपिल सेंगर, अयाज खान, इरशाद कुरैशी, राजीव राठौर रहे। इस अवसर पर श्री महेश्वर इंटर कॉलेज के प्रबंधक मुकेश बिहारी, उपप्रबंधक आलोक डांगरा, कोषाध्यक्ष मदन मोहन तापड़िया, आयोजन सचिव दीपक शर्मा, भगत सिंह बाबा आदि मौजूद रहे। महिलाओं का नहीं हो सका बॉडीबिल्डिंग शो दर्शकों की अधिक भीड़ होने के चलते महिलाओं का बॉडी बिल्डिंग शो नहीं हो सका।

# लखनऊ के लेवाना होटल को गिराने का होगा विरोध


दिल्ली ब्यूरो : उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की प्रदेश कार्यसमिति की लखनऊ में हुई बैठक में लेवाना सुईट होटल को गिराने संबंधी आदेश का विरोध करने का निर्णय लिया गया है। इसी क्रम में व्यापार मंडल द्वारा यहां मंगलवार को ज्ञापन देकर विरोध दर्ज कराया जाएगा। इधर, इस बैठक में अलीगढ़ से जुड़े कुछ नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई है। प्रदेश चेयरमैन मानव महाजन व व्यापार मंडल के महानगर अध्यक्ष ओमप्रकाश मास्टर ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति में नितिन घुट्टी को प्रदेश उपाध्यक्ष, विष्णु ठाकुर व विनोद गुप्ता को प्रदेश मंत्री व प्रदीप गौड़ को अलीगढ़ मंडल अध्यक्ष बनाया गया है। नए पदाधारियों को युवा व्यापारियों को संगठन से जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। नए पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह जनवरी में मथुरा में होगा। व्यापारियों ने बताया कि लखनऊ लेवाना होटल अग्निकांड के बाद उसे गिराने का निर्णय लिया गया है, यह गलत है। उसमें किसी साजिश के तहत आग नहीं लगी, बल्कि वह एक एक्सीडेंट था। सभी प्रमाण पत्र लेकर होटल



संचालित था। इस निर्णय के विरोध में देश के प्रधानमंत्री, गृहमंत्री व मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर प्रदेश भर में विरोध होगा। इसी क्रम में यहां मंगलवार को जिलाधिकारी के माध्यम से ज्ञापन दिया जाएगा। इस मौके पर मंडल अध्यक्ष प्रदीप गौड़ को जल्द मंडल की कमेटी बनाने को कहा गया। युवा जिलाध्यक्ष हेमंत गर्ग, युवा महानगर अध्यक्ष दीपक वार्ष्णेय, अनूप गुप्ता, दिनेश अग्रवाल, विवेक गुप्ता, विष्णु वार्ष्णेय, आशीष राजा, विजय समीर गुप्ता आदि थे।

# ठेका हरियाणा की कंपनी को प्रश्नपत्र छपवाए लखनऊ में : रिमांड पर लेने की तैयारी

लखनऊ ब्यूरो : कमीशनखोरी में फंसे छत्रपति शाहू जी महाराज विवि कानपुर के कुलपति प्रो. विनय पाठक के करीबी अजय मिश्रा की प्रिंटिंग प्रेस में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रश्नपत्र भी छापे जाते थे।



हालांकि यह काम फरीदाबाद की कंपनी को दिया गया था। लखनऊ समेत कई विश्वविद्यालयों के प्रश्नपत्र बिना ठेके के अजय मिश्रा की प्रेस में छापे जा रहे थे। तमाम सुबूत मिलने के बाद अब एसटीएफ ने शासन को पत्र भेजकर एक्सिलिक्ट प्रिंटिंग प्रेस को ब्लैक लिस्ट करने का सुझाव दिया है। एसटीएफ से जुड़े सूत्रों ने बताया कि लखनऊ विश्वविद्यालय में स्नातक, परास्नातक और पीएचडी के लिए प्रवेश परीक्षा का प्रश्नपत्र छापने का ठेका फरीदाबाद की कंपनी प्रिंटो टेक सॉलिटियर को दिया गया था। लेकिन, यह पेपर लखनऊ में अजय मिश्रा की प्रिंटिंग प्रेस एक्सिलिक्ट में छप रहा था। सूत्रों ने बताया कि फरीदाबाद की कंपनी प्रिंटो टेक सॉलिटियर भी अजय मिश्रा की ही थी। जिसका अजय ने अपने नौकरों संतोष और विवेक के नाम पर पंजीकरण कराया था। इसी कंपनी को तमाम विश्वविद्यालयों के गोपनीय दस्तावेजों को छापने का जिम्मा दिया गया था। सूत्रों का कहना है कि तमाम नए साक्ष्य मिलने के बाद यूपी एसटीएफ अब अजय मिश्रा को रिमांड पर लेकर पूछताछ करेगी। पूछताछ में कंपनी से एक्सिलिक्ट और प्रिंटो टेक के बीच क्या समझौता था, प्रिंटो टेक को मिले ठेके के पेपर यहां क्यों छप रहे थे? इन सब सवालों का जवाब एसटीएफ तलाशेगी।

# लगन चढ़ाकर दिल्ली लौट रहे लोगों की कार लोडर से टकराई : दो की मौत व आठ घायल

मथुरा ब्यूरो : मथुरा के थाना महावन क्षेत्र में सोमवार तड़के यमुना एक्सप्रेसवे पर हादसा हो गया। माइलस्टोन 116 के समीप तड़के करीबन तीन बजे आगरा की तरफ से नोएडा जा रहे मिनी लोडर वाहन से कार टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ घायल हो गए। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कार सवार लोग अपने रिश्तेदार की बेटी का लगन टीका लेकर शनिवार को कानपुर गए थे। वहां से वापस लौटते समय महावन थाना क्षेत्र में यमुना एक्सप्रेसवे के माइलस्टोन 116 के समीप सब्जी से भरे लोडर वाहन से कार टकरा गई। बताया गया है कि जिस वक्त हादसा हुआ, उस समय घना कोहरा छाया हुआ था। लोडर वाहन से टक्कर से होते ही चीख–पुकार मच गई। कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एक्सप्रेसवे से गुजरने वाले लोगों ने हादसे की सूचना कंट्रोल रूम को दी। मौके पर यमुना एक्सप्रेसवे के सुरक्षाकर्मी और थाना पुलिस पहुंची। पुलिस ने घायलों कार से निकाला और जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इन लोगों की हुई मौत हादसे में चंद्रपाल निवासी गरिमा गार्डन गाजियाबाद, राजेश निवासी



त्रिलोकपुरी दिल्ली की मौत हो गई है। कार सवार यशपाल, सन्नी, आकाश उर्फ आशु, सुभाष, कैलाश, सुशील घायल हुए हैं। मिनी लोडर का चालक और परिचालक भी घायल है। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में मरने वाले चंद्रपाल और राजेश साढू भाई थे। दोनों अपने साले दिल्ली निवासी सुशील की बेटी की शादी का टीका लेकर कानपुर गए थे। हादसे की सूचना मिलने के बाद परिजन मथुरा पहुंचे। उनका रो–रोकर बुरा हाल था। थाना निरीक्षक मोहित तोमर ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# अग्निशमन विभाग पर जन सूचनाएं न देने का आरोप

दिल्ली ब्यूरो : आरटीआई कार्यकर्ता अविनाश कुमार सिंह ने जिला अग्निशमन अधिकारी पर वांछित जन सूचनाएं न देने का आरोप लगाते हुए इसकी शिकायत की है। उन्होंने बताया कि सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1) के तहत उन्होंने कार्यालय जिला अग्निशमन अधिकारी से सूचना मांगी थी कि किस–किस प्रकार के भवनों के निर्माण हेतु अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। यह प्रमाण पत्र कितने समय तक के लिए वैद्य होता है। यह अनापत्ति प्रमाण पत्र कितने क्षेत्रफल ( लंबाई, चौड़ाई, ऊंचाई) के भवन के लिए लेना आवश्यक है। वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022–23 में कितने भवनों को अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया है एवं कितने भवनों के अनापत्ति प्रमाण पत्र का नवीनीकरण किया गया है। कितने भवन स्वामियों पर अग्निशमन विभाग द्वारा अनापत्ति प्रमाण पत्र न लेने के कारण क्या–क्या कार्रवाई अमल में लाई गई है। अविनाश सिंह का आरोप है कि अग्निशमन कार्यालय ने वांछित सूचनाएं देने की बजाए नोडल अधिकारी एसपी सिटी को आवेदन करने की सलाह दी है। उन्होंने इस प्रकरण में राज्य सूचना आयोग को इसकी शिकायत भेजी है।

# वसूली के लिए सड़क पर भिड़े होमगार्ड : वीडियो वायरल

दिल्ली ब्यूरो : महानगर के बन्नादेवी क्षेत्र में मसूदाबाद बस स्टैंड के बाहर वसूली के रुपयों की बंटवारे के लिए दो होमगार्ड आपस में भिड़ गए। उनमें जमकर गुत्थमगुत्था हुई। यह वीडियो जब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। एसएसपी ने संज्ञान लेते हुए सीओ द्वितीय को जांच के निर्देश दिए। जांच के आधार पर दोनों होमगार्डों की सेवा समाप्त करने के संबंध में जिला होमगार्ड कमांडेंट को लिखा गया, जिसके आधार पर कार्रवाई की गई है। हुआ यूं कि रविवार सुबह से एक वीडियो सोशल मीडिया पर आया। जिसमें साफ दिख रहा है कि दो होमगार्ड आपस में गुत्थमगुत्था कर रहे हैं। 29 सैकेंड का यह वीडियो मसूदाबाद के पास का बताया जा रहा है। पुलिस जांच में सामने आया है कि वाहनों से अवैध वसूली को लेकर यह दोनों आपस में भिड़े हैं। एक दूसरे का गिरेबान पकड़कर



झगड़ा कर रहे हैं। हालांकि इनका एक अन्य होमगार्ड बीचबचाव करा रहा है। यह वीडियो संज्ञान में आने पर एसएसपी ने सीओ द्वितीय को जांच सौंपी। जांच के आधार पर इन दोनों के खिलाफ सेवा समाप्ति के संबंध में होमगार्ड कमांडेंट को लिखा गया। इसके आधार पर दोनों पर कार्रवाई की गई है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार मामले में एसएसपी स्तर से जांच कर कमांडेंट को कार्रवाई के लिए लिखा गया है। बाकी मामले में जांच की जा रही है।

# मतदाता सूची में नहीं दर्ज हो नाम तो अब भी मौका

दिल्ली ब्यूरो : चुनाव आयोग ने निकाय चुनाव से ठीक पहले एक बार फिर मतदाता बनने का मौका दिया है। निकाय चुनाव में नामांकन की प्रक्रिया शुरू होने तक ऐसे लोग आवेदन कर अपने नाम मतदाता सूची में बढ़वा सकते हैं। अपना आवेदन उन्हें संबंधित निकाय के प्रशासक एवं एसडीएम के समक्ष देना होगा। जांच के उपरांत वैद्य पाए जाने पर ऐसे मतदाताओं के नाम सूची में बढ़ाए जाएंगे। चुनाव आयोग की ओर से इस बारे में रविवार को आदेश जारी कर दिया गया है। मतदान से ठीक पहले संशोधित मतदाता सूची जारी की जाएंगी। इधर देर रात नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों में पोलिंग बूथों की सूची को प्रशासन अंतिम रूप देने में जुटा रहा। इसमें नगर निगम क्षेत्र में कुल 736 मतदेय स्थलों की सूची को अंतिम रूप दे दिया गया है। नगर पालिका और नगर पंचायतों के मतदेय स्थलों की सूची को देर रात तक अंतिम रूप नहीं दिया जा सका था। संभावना है कि सोमवार को ही इस सूची पर अंतिम मुहर लग सकेगी। आरक्षण पर लगी दावेदारों की निगाहें नगर निकाय के चुनाव में दावेदारों की निगाहें आरक्षण पर लगी हुई हैं। जिला प्रशासन ने आठ नवंबर को नगर निगम समेत सभी 18 निकायों में प्रस्तावित आरक्षण तय कर शासन की मंजूरी को भेजा था। अब शासन स्तर से फैसला होना है। इसके बाद ही मेयर, नगर पालिका और नगर पंचायत अध्यक्ष के साथ वार्डों का आरक्षण सार्वजनिक होगा। जिले में कुल 18 नगरीय निकाय के कुल 329 वार्ड हैं। सबसे अधिक 90 वार्ड नगर निगम क्षेत्र में हैं। नगर पालिका परिषद अतरौली एवं खैर में 25–25 वार्ड हैं। नगर पंचायत छर्रा में 15, बेसवां में 10, इगलास में 15, जट्टारी में 13, कौड़ियागंज में 11, जलाली में 13, पिलखना में 10, विजयगढ़ में 10, हरदुआगंज में 11, चंडौस में 11, पिसावा में 12, गभाना में 15, मडराक में 15, बरौली में 14 एवं जवां– सिकंदरपुर में 14 वार्ड निर्धारित किए गए हैं। नगर निगम में 736 मतदेय स्थल बनाए गए हैं।

# सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी के प्लाट पर कब्जे की कोशिश का आरोप

दिल्ली ब्यूरो : पीएसी से सेवानिवृत्त निरीक्षक परिवार द्वारा पीएसी के पास खरीदे गए प्लाट पर कुछ लोग कब्जा करना चाहते हैं। कब्जा करने वाले अदालत का आदेश भी नहीं मान रहे। इतना ही नहीं, पुलिसकर्मी परिवार संग अभद्रता तक की गई। इस तरह के आरोपों को लेकर इलाके की भाजपा नेत्री व उनके परिवार पर महुआ खेड़ा थाना में मुकदमा दर्ज कराया गया है। मुकदमा दर्ज कराते हुए मथुरा महावन के मदैम गांव की अजय देवी ने कहा है कि उनके पति सेवानिवृत्त हैं। उन्होंने जीवीएम मॉल के सामने मुकुंद विहार में 612 गज का एक प्लाट 2009 में खरीदा था। इस प्लाट पर नामजदों ने नीयत रखना शुरू कर दिया। इस पर वे न्यायालय की शरण में गए, जहां से 2021 में उनके पक्ष में आदेश हुआ। बावजूद इसके आरोपी पक्ष अदालत का आदेश की अवहेलना करता रहा। खुद को भाजपा नेत्री बताकर पुलिस पर प्रभाव बनाकर प्लाट पर कब्जे के तरह तरह के जतन किए गए। थाने में भी पीड़ित परिवार को गरियाया व धमकाया गया। पिछले दिनों वे जमीन की नाप कराने पहुंच गए। ये सब गलत वसीयत के आधार पर किया जा रहा है। इस मामले में एसएसपी के आदेश पर तालसपुर कलां के विजय बहादुर सिंह, उनकी पत्नी कुसुम, भाजपा नेत्री बेटी नीतू चौधरी, बेटा राजीव के अलावा अजय प्रताप, प्रेमपाल, भूरे सिंह, मुख्तार सिंह व जंग बहादुर पर विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इंस्पेक्टर महुआ खेड़ा ने मुकदमे की पुष्टि करते हुए बताया कि मामले में तथ्यों की जांच की जा रही है।

सम्पादक मंडल

श्री शिवशंकर द्विवेदी संयुक्त सचिव (सेवा निवृत्त) उ0प्र0 शासन, लखनऊ, पं. लाल साहब उपाध्याय (सत्यवेदानन्द जी), बाबा शक्ति नाथ (ज्योतिषाचार्य)श्री विजय कुमार तिवारी, श्री दीपचन्द्र मौर्य (एडवोकेट), श्री सुभाष चन्द्र सेठ,श्री ऋषिकेश द्विवेदी, श्री शिवशंकर तिवारी

प्रमुख कार्यालय– हिन्दी साप्ताहिक " देश की उपासना"
पता–ई 3464,राजाजी पुरम्(निकट मिनी स्टेडियम) लखनऊ उ0प्र0

लखनऊ सम्पादक– श्री पी0सी0श्रीवास्तव मों0 9415545107

स्वात्वाधिकारी की ओर से श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव पत्नी श्री प्रभुदयाल श्रीवास्तव मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक द्वारा देश की उपासना प्रेस, उपासना भवन, धर्मसारी, प्रेमापुर, जौनपुर उत्तर प्रदेश से मुद्रित एवं प्रकाशित।

सम्पादक
श्रीमती किरन देवी श्रीवास्तव

सह सम्पादक
श्रीमती हेमा त्रिपाठी
मो0–7007415808,9628325542,9415034002

RNI संन्दर्भ संख्या – 24/234/2019/R-1
deshkiupasanadailynews@gmail.com

उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है,समाचार पत्र में प्रकाशित लेख/समाचारों से सम्पादक की सहमति अनिवार्य नही
समाचार–पत्र से सम्बन्धित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जौनपुर न्यायलय होगा।